# दैनिक पद्मावत मीडिया

Reg.No.MH18D0030877 •ई-पेपर• •न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे•

www.padmavatmedia.in Mo. 9594542679 Email- padmavatmedia@gmail.com

वर्ष : 10 • डिजिटल अंक : 276 • मुंबई, शनिवार, 15 जून, 2024 • प्रधान सम्पादक : पवन जैन पदमावत • पृष्ठ : 2 • मूल्य-0.00 निःशुल्क •


## लोकसभा चुनाव खत्म होते ही महंगाई पकड़ने लगी रफ्तार...



**नई दिल्ली ।** मई में थोक महंगाई बढकर 15 महीनों के ऊपरी स्तर पर पहुंच गई है। आज यानी 14 जून को जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार मई में थोक महंगाई बढकर 2.61 प्रतिशत पर पहुंच गई है। फरवरी 2023 में थोक महंगाई दर 3.85 प्रतिशत रही थी। वहीं अप्रैल 2024 में महंगाई 1.26 प्रतिशत रही थी, जो 13 महीने का उच्चतम स्तर था। इससे एक महीने पहले मार्च 2024 में ये 0.53 प्रतिशत रही थी। फरवरी में थोक महंगाई 0.20 प्रतिशत रही थी। उधर, बुधवार को रिटेल महंगाई में गिरावट देखने को मिली थी।

दरअसल, लोकसभा चुनाव खत्म होते ही देश की जनता को महंगाई से दो-दो हाथ करने का समय आ गया है। जून का पहला सोमवार जनता के लिए महंगाई का ट्रिपल डोज लेकर आया है। देश की सबसे बड़ी दूध उत्पादन कंपनी अमूल इंडिया और मदर इंडिया ने दूध के दाम बढ़ा दिया है। वहीं एनएचआई ने भी टोल दरों में 5 फीसदी की वृद्धि कर दी है। जानकारों का कहना है कि नई सरकार के गठन के साथ ही महंगाई का करंट और बढ़ जाएगा। लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद आम लोगों के बीच दूसरा सवाल भी रेंगने लगा है। दरअसल, लोकसभा चुनाव खत्म होते ही महंगाई का करंट लगना शुरू हो गया है। खाद्य पदार्थों के साथ ही आवष्यक वस्तुओं के दाम बढ़ने लगा है। जानकारों का कहा है कि आने वाला समय महंगाई से दो-दो हाथ करने वाला रहेगा।

**मई में खाद्य महंगाई दर 1.88 प्रतिशत बढ़ी**

खाद्य महंगाई दर अप्रैल के मुकाबले 5.52 प्रतिशत से बढकर 7.40 प्रतिशत हो गई। रोजाना की जरूरत वाले सामानों की महंगाई दर 5.01 प्रतिशत से बढकर 7.20 प्रतिशत हो गई। फ्यूल और पावर की थोक महंगाई दर 1.38 प्रतिशत से घटकर 1.35 प्रतिशत रही। मैन्युफै• रिंग प्रोडक्ट्स की थोक महंगाई दर -0.42 प्रतिशत से बढकर 0.78 प्रतिशत रही। इससे पहले 12 जून को मई के रिटेल महंगाई के आंकड़े जारी हुए थे। इसके अनुसार मई में रिटेल महंगाई 4.75 प्रतिशत रही। यह 12 महीने का निचला स्तर है। वहीं एक महीने पहले यानी अप्रैल में रिटेल महंगाई घटकर 4.83 प्रतिशत पर आ गई थी।

मध्यवर्गीय परिवार सबसे परेशान

पिछले कुछ वर्षों से देश के परिवारों, खासकर मध्यवर्गीय परिवारों का व्यय लगातार बढ़ रहा है। इस अनुपात में उनकी आय में वृद्धि नहीं हो रही, इस कारण उनकी बचत भी निरंतर घट रही है। हाल ही में सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों में बताया गया कि देश में परिवारों की शुद्ध बचत पिछले तीन वर्षों में नौ लाख करोड़ रुपए से अधिक घटकर वित्तवर्ष 2022-23 में केवल 14.16 लाख करोड़ रुपए रह गई। मंत्रालय द्वारा जारी ताजा राष्ट्रीय खाता सांख्यिकी 2024 के अनुसार वित्तवर्ष 2020-21 में परिवारों की शुद्ध बचत 23.29 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गई थी, और उसके बाद से इसमें लगातार गिरावट आ रही है। वित्तवर्ष 2021-22 में देश के परिवारों की शुद्ध बचत घटकर 17.12 लाख करोड़ रुपए रह गई। यह पिछले पांच वर्षों में बचत का सबसे निचला स्तर है। बचत घटने का सबसे बड़ा कारण परिवारों के जीवन निर्वाह व्यय और अन्य व्ययों में बढ़ोतरी है। जीवन निर्वाह व्यय किसी एक खास स्थान और समय अवधि के दौरान आवास, भोजन, स्वास्थ्य, शिक्षा, कर जैसे मूलभूत व्ययों के लिए जरूरी धन की मात्रा है। अगर देश में महंगाई बढ़ती है तो इनके लिए किए जाने वाले खर्च की राशि भी बढ़ती है। बढ़ी हुई महंगाई गरीब, मध्यवर्गीय और गरीबी से नीचे के लोगों को प्रभावित करती है। महंगाई का सबसे बुरा असर गरीब वर्ग पर पड़ता है।

**दैनिक उपयोग की वस्तुएं महंगी**

दैनिक उपभोग की वस्तुओं के मूल्य में बढ़ोतरी से आम भारतीय परिवारों की जीवन स्तर निरंतर गिरता जा रहा है। हालांकि सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किए जाने वाले थोक और खुदरा महंगाई दर के आंकड़ों के अनुसार महंगाई घटती हुई प्रतीत होती है, लेकिन बाजार में वह कहीं नजर नहीं आती। व्यवहार में छोटी-मोटी वस्तुएं, जो कुछ वर्ष पहले रुपए-दो रुपए में मिलती थी, पहले वह पांच रुपए की हुई, अब दस रुपए की है। दस रुपए एक तरह से मुद्रा की न्यूनतम इकाई हो गई है। इस तरह छोटी-मोटी वस्तुओं की कीमत पांच से दस गुना तक बढ़ गई। पिछले कुछ वर्षों में यह चलन आम हो गया है कि बाजार में वस्तुओं की कीमत बढ़ी हुई न दिखे, इसलिए निर्माताओं ने मूल्य वही रखते हुए उसकी मात्रा या वजन घटा दिया। इससे वह जल्दी-जल्दी समाप्त होने लगी, बार-बार खरीदने की जरूरत के चलते जिस वस्तु का मूल्य घटा हुआ दिखता है, वह वास्तव में पहले से ज्यादा महंगी पड़ने लगी है।

**भारत में महंगाई के आंकड़ें**

अगर बात भारत में महंगाई के आंकड़ों की करें तो लगातार दो महीने से रिटेल महंगाई 5 फीसदी से नीचे देखने को मिली है। मार्च के महीने में रिटेल महंगाई 4.85 फीसदी पर थी। उसके बाद अप्रैल में खुदरा महंगाई के आंकड़ें 4.83 फीसदी पर दिखाई दिए थे। देश में अप्रैल के महीने में खुदरा महंगाई 11 महीने में सबसे कम देखने को मिली थी। वहीं देश में बीते 8 महीने से खुदरा महंगाई के आंकड़ें 6 फीसदी से कम देखने को मिल रहे हैं। जून के महीने में महंगाई के आंकड़ें थोड़ें और कम देखने को मिल सकते हैं। आंकड़ा 4.50 फीसदी पर आ सकता है। आरबीआई के अनुमान के अनुसार वित्त वर्ष 2024-25 में महंगाई के आंकड़ें 4.5 फीसदी पर रह सकते हैं। जोकि वित्त वर्ष 2023-24 में 5.4 फीसदी और 2022-23 में 6.7 फीसदी देखने को मिले थे।

## बिना सदस्य जी7 में दिखी भारत की धाक भारत-इटली द्विपक्षीय मुद्दों पर बातचीत





**रोम ।** जी7 शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक नेताओं से मुलाकात की। वैश्विक नेताओं से मुलाकात करते हुए पीएम मोदी ने शुक्रवार को इटली की प्रधानमंत्री और जी7 शिखर सम्मेलन की मेजबान जार्जिया मेलोनी से मुलाकात की। खास बात यह है कि इटली की पीएम ने भारतीय अंदाज में नमस्ते करके पीएम मोदी का स्वागत किया। भारत जी7 समूह का सदस्य देश नहीं है पर इटली की पीएम मेलोनी ने पीएम मोदी को खास मेहमान के रूप में आमंत्रित किया है। दोनों देशों के द्विपक्षीय रिश्तें काफी मजूबत हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने पारंपरिक जी7 पारिवारिक फोटो से पहले वैश्विक नेताओं के साथ द्विपक्षीय बातचीत की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी-7 शिखर सम्मेलन से इतर अपुलिया में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इस दौरान पीएम मोदी ने भारत-ब्रिटेन के बीच रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई। मोदी ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से मुलाकात की। मुलाकात के बाद पीएम मोदी ने कहा कि भारत, यूक्रेन के साथ द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए उत्सुक है। उन्होंने आगे कहा कि राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ बैठक बहुत सार्थक रही। मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात की। दोनों राष्ट्राध्यक्षों ने रक्षा, एआई (कृत्रिम मेधा), महत्वपूर्ण तकनीक और अंतरिक्ष जैसे प्रमुख क्षेत्रों में साझेदारी बढ़ाने जैसे मुद्दों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सम्मेलन के आउटरीच सत्र में पोप फ्रांसिस से मुलाकात की। इस दौरान पीएम मोदी ने गले मिलकर उनसे भेंट की।

## राम मंदिर को उड़ाने की धमकी

### जैश ए मोहम्मद ने ऑडियो जारी कर दी चेतावनी, पुलिस अफसर बोले- ऐसी कोई सूचना नहीं



**भोपाल ।** अयोध्या में राम मंदिर पर आतंकी हमले की धमकी की खबर आ रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पाकिस्तान से आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद ने ऑडियो जारी कर राम मंदिर पर हमले की चेतावनी दी है।

16 दिन पहले राम मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी भी मिली थी। पहले एक आईडी से इंस्टाग्राम पर पोस्ट की गई। फिर 112 पर कॉल आई। राम मंदिर को उड़ाने की धमकी मिलते ही पुलिस में हडकंप मच गया। साइबर एक्सपर्ट और सर्विलांस टीम को तुरंत एक्टिव किया। दहशत न फैले इसलिए पुलिस ने अंदरखाने जांच की। जांच में धमकी देने वाले की लोकेशन कुशीनगर की निकली। पुलिस ने धमकी देने वाले पटहेरवा थाना के बलुआ तकिया क्षेत्र के रहने वाले एक 16 साल के किशोर को हिरासत में लेकर पूछताछ की। शुरुआती जांच में पता चला कि नाबालिग मानसिक तौर पर स्वस्थ नहीं है।

**9 महीने पहले बरेली के छात्र ने दी थी धमकी**

9 महीने पहले राम मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी बरेली से दी गई। बरेली से लखनऊ कंट्रोल रूम में 112 नंबर पर कॉल कर यह धमकी दी गई। पुलिस ने मोबाइल नंबर के आधार पर बरेली के 8 वीं के छात्र को हिरासत में लिया। उसकी उम्र 14 साल थी। जांच में सामने आया है कि छात्र ने यू-ट्यूब पर वीडियो देखकर मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी दी।

**हृस्त्र का हब बनेगा अयोध्या, राम मंदिर के पास होगा बेस**

अयोध्या में अब नेशनल सिक्योरिटी गार्ड (हृस्त्र) का हब बनेगा। हृस्त्र का यह देश में छठवां हब होगा। अभी चेन्नई, हैदराबाद, कोलकाता, मुंबई और अहमदाबाद में हृस्त्र के रीजनल हब हैं। गृह मंत्रालय के एक सीनियर अफसर ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अयोध्या के अलावा पठानकोट और केरल में भी हृस्त्र की यूनिट शुरू होंगी। अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद से ही यह कई आतंकी संगठनों के रडार पर है। अयोध्या में हृस्त्र यूनिट विशेष हथियार (स्पेशलाइज्ड वेपन) और एंटी ड्रोन तकनीक से लैस होगी।

रोज डेढ़ लाख श्रद्धालु पहुंच रहे राम मंदिर

22 जनवरी 2024 को राम मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद से हर दिन करीब डेढ़ लाख श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं। मंदिर पर आतंकी हमले को लेकर धमकियां मिलती रहती हैं। ऐसे में मंदिर की सुरक्षा को देखते हुए सरकार ने हृस्त्र की यूनिट शुरू करने का फैसला लिया है।

## जी7 की बैठक के दौरान लड़खड़ाए जो बाइडेन, जियोर्जिया पीएम ने संभाला



**रोम ।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन जी7 शिखर सम्मेलन के लिए इटली में हैं। उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में बाइडेन को लड़खड़ाए हुए देखा जा सकता है, जिन्हें बाद में इटली की पीएम जियोर्जिया मेलोनी संभालती दिखती हैं। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव से पहले इस तरह के वीडियो बाइडेन और उनकी पार्टी के लिए परेशानी बढ़ा सकती है। वीडियो में जो बाइडेन को जी-7 के नेताओं से दूर जाते हुए देखा जा सकता है।

वीडियो में मेलोनी और जो बाइडेन के अलावा ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक, कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो, फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रोन, जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज़, यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन और कई प्रमुख नेता दिखाई दे रहे हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक यूजर ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा, राष्ट्रपति बाइडेन जी7 शिखर सम्मेलन में लड़खड़ा गए और उन्हें वापस लाने उन्हें संभालना पड़ा।

सोशल मीडिया पर कई लोगों ने बाइडेन के इस व्यवहार पर चिंता जताई है। एक यूजर ने लिखा, क्या आप कल्पना कर सकते हैं कि उन्होंने विश्व नेताओं के सामने क्या किया है? कितनी शर्म की बात है। एक ने लिखा, डीयर गॉड, कृपया अमेरिका की मदद करें। हम एक धागे से लटके हुए हैं। वे हमें कब तक हमें शर्मिंदा करते रहेंगे? एक दूसरे यूजर ने लिखा, मुझे नहीं लगता कि उनके चुनाव लड़ने की कोई संभावना रह गई है। डेमोक्रेट्स बुरी स्थिति में हैं। वे इसके लिए किसी और को नहीं बल्कि खुद को ही दोषी ठहरा सकते हैं। बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन 81 के हो गए हैं। उनकी सेहत को लेकर चर्चा होती है। अब देखना दिलचस्प होगा कि वह फिर एकबार राष्ट्रपति चुनाव के लिए उम्मीदवार बन पाते हैं या नहीं। इससे पहले जो बाइडेन ने गुरुवार को जी7 शिखर सम्मेलन के लिए इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी द्वारा स्वागत किए जाने के दौरान अजीब तरीके से उन्हें सलामी दी। बाइडेन के इस इशारे को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर खूब चर्चा हो रही है।

## उदयपुर में रक्तदाता दल बनाएगा खटीक समाज राष्ट्रीय संगठन, रक्त की कमी को पूरा करेंगे - बागडी



पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** खटीक समाज राष्ट्रीय संगठन उदयपुर में रक्त की जरुरत को पूरा करने के लिए वृहद स्तर पर एक रक्तदाता दल बनाने जा रहा है जिसमें खटीक समाज के युवाओं के साथ-साथ उन सभी युवाओं को भी इस दल में जोडेगा जो रक्तदान की भावना रखते हुए समाज सेवा में अग्रणी रहते हैं।

खटीक समाज राष्ट्रीय संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश बागडी ने शुक्रवार को विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि उन्हें खुशी है कि खटीक समाज राष्ट्रीय संगठन उदयपुर में रक्तदाता दल बनाने की पहल कर रहा है।

उन्होंने कहा कि यह समूह बहुत वृहद स्तर पर बनाने की तैयारियां की जा रही है। इसके लिए संगठन के सूरजपोल स्थित कार्यालय में रजिस्ट्रेशन किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि संगठन की ओर से आगामी बसंत पंचती के अवसर पर समाज के विवाह योग्य युवक युवतियों का निशुल्क सामूहिक विवाह भी करवाया जा रहा है, जिसमें शामिल होने वाले प्रत्येक जोडे को भी रक्तदान का संकल्प करवाया जाएगा और उनको भी रक्तदाता दल से जोडा जाएगा।

बागडी ने कहा कि रक्तदाता दल बनाने के पीछे उनका उद्देश्य है कि रक्त की कमी के कारण समाज के किसी व्यक्ति का जीवन नहीं जाए। जरुरतमंद व्यक्ति को तत्काल रक्त उपलब्ध करवाया जाएगा। रक्तदाता दल में रक्त के अलग-अलग ग्रुप वाले व्यक्तियों को वर्गीकृत किया जाएगा और साथ ही वाट्सअप पर भी इसी तरह के ग्रुप बनाए जाएंगे, ताकि जरुरत पडने पर ज्यादा दिक्कत नहीं हो।

बागडी ने बताया कि प्रारंभ में इस दल में एक हजार युवाओं को जोडा जाएगा और बाद में इसकी संख्या में बढोतरी की जाती रहेगी। रक्तदाता समूह सभी वर्ग के लिए खुला रहेगा।

## उदयपुर से नवनिर्वाचित सांसद मन्नालाल रावत को धमकी देने वाला आरोपी गिरफ्तार, माफी मांगी

पदमावत मीडिया



**उदयपुर ।** उदयपुर से नवनिर्वाचित सांसद मन्नालाल रावत को सोशल मीडिया पर धमकी देने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने खुद की गलती का अहसास करते हुए माफी भी मांग ली है। दरअसल वो सांसद द्वारा कांकर डूंगरी आंदोलन मामले में सांसद के बयान से नाराज था।

गोवर्धन विलास थाना पुलिस ने आरोपी सुनी-कुनी उर्फ कुंती भगोरा (21) को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने बताया कि वो कांकर डूंगरी आंदोलन व बीटीपी (भारतीय ट्राइबल पार्टी) पर दिए गए बयान से आहत था। उसने बताया कि हंसी की इमोजी के साथ ही मैंने सांसद को कॉमेंट किया था।

आरोपी ने बताया कि वो किसी विचारधारा से जुड़ा हुआ नहीं है, लेकिन सांसद के बीटीपी पर कॉमेंट कि गुजरात में उसे नोटा से भी कम वोट नहीं मिले। कांकर डूंगरी में बाहर से लोग आए थे जैसे कॉमेंट से वो आहत हो गया था। आरोपी कुंती भगोरा जयपुर में रहकर बीएससी-बीएड की पढ़ाई कर रहा है और धरियावद का रहने वाला है।

आपको बता दें कि गत दिनों सांसद मन्नालाल रावत के एक लाइव शो के दौरान आरोपी ने अनर्गल कॉमेंट करते हुए धमकी दी थी। सांसद इसकी रिपोर्ट एसपी योगेश गोयल की थी।

## दुकान से मोबाइल और पैसे चोरी के मामले आरोपी गिरफ्तार, एक नाबालिग डिटेन

पदमावत मीडिया



**उदयपुर ।** जिले के थाना ऋषभदेव पुलिस ने दुकान से रूपये व मोबाइल चोरी करने की घटना का खुलासा किया है और एक आरोपी गिरफ्तार कर एक नाबालिग को डिटेन किया है।

दरअसल 1 मार्च 2024 को पवन कुमार पिता जीवतराम निवासी माण्डवा फला कागदर पुलिस थाना ऋषभदेव ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी की कस्बा ऋषभदेव के रोडवेज बस स्टेण्ड पर केसरियाजी ट्रेडर्स के नाम की एक मोबाइल की दुकान है। जहां 1 मार्च की रात अज्ञात चोर दुकान में रखे 7-8 हजार रूपये एवं 08 मोबाइल चोरी कर ले गये।

एसपी योगेश गोयल द्वारा त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देश दिए गए जिसके तहत ऋषभदेव टीम द्वारा प्रकरण में अनिल पिता लक्ष्मण निवासी बिलख फला गडावत थाना ऋषभदेव को गिरफ्तार किया गया व एक नाबालिग को डिटेन किया इसके अलावा चोरी हुये 06 मोबाइल जप्त किए गए।

## 300 जोड़ों के सामूहिक नवकार महामंत्र जाप से हुआ तीन दिवसीय संयम शताब्दी महोत्सव का आगाज

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** अखिल भारतवर्षीय श्री गुरु पुष्कर संगठन समिति उदयपुर की ओर से शुक्रवार को नवकार महामंत्र के आराधक, साधना के शिखर पुरूष, विश्वसंत उपाध्याय गुरुदेव पुष्कर मुनि महाराज का तीन दिवसीय संयम शताब्दी समारोह का आगाज 300 से अधिक जोड़ों के सामूहिक नवकार महामंत्र के जाप से हुआ। अध्यक्ष संजय भण्डारी एवं मंत्री श्याम झगड़ावत ने बताया कि शास्त्री सर्कल स्थित श्री तारक गुरु जैन ग्रंथालय में प्रात» 7.30 बजे नवकार महामंत्र जाप हुआ जिसमें 300 से अधिक जोड़ों ने सामूहिक जाप कर गुरुदेव पुष्कर मुनि महाराज के संयम शताब्दी महोत्सव में धर्म प्रभावना में वृद्धि की। जाप में महिलाएं लाल चुन्दड़ एवं पुरूष श्वेत परिधान में शामिल हुए। भण्डारी ने बताया जाप कार्यक्रम में कि महाश्रमण गुरुदेव जिनेन्द्र मुनि महाराज, रितेशमुनि महाराज, प्रभातमुनि महाराज, डॉ. हर्षप्रभा का सान्निध्य प्राप्त हुआ। प्रखर वक्ता प्रभातमुनि महाराज ने बताया कि नवकार महामंत्र का जाप करने से आत्मा की शुद्धि होती है। पण्डितर| रितेशमुनि महाराज ने जाप कारने से तन-मन में एकाग्रता आती है इससे हमारा एवं हमारी आत्मा का कल्याण होता है। महाश्रमण गुरुदेव जिनेन्द्र मुनि महाराज ने कहा कि गुरुदेव पुष्कर मुनि महाराज नवकार महामंत्र के आराधक थे । जाप से मन में विकार एवं ईर्श्या की भावना कम होती है। मन में शुद्धि आती है और घर-समाज में शांति कायम होती है। वहीं संगठन समिति द्वारा जो तीन दिवसीय आयोजन किया जा रहा है उसकी प्रसंशा की। समिति अध्यक्ष संजय भण्डारी ने जाप में आने वाले सदस्यों को शब्दों द्वारा स्वागत किया गया। उपस्थित 300 से अधिक श्रावक-श्राविकाओं के जोडों में से 35 लक्की ड्रॉ निकाले जिन्हे चांदी के सिक्क वितरित किए गए। इस अवसर नरेन्द्र सेठिया, मयंक करणपुरिया, लोकेश कोठारी, राजेन्द्र हिंगड, वैभव भण्डारी, गोपाल सोलंकी, पानील पोखरना, रमेश खोखावत, भंवर सेठ, निर्मल पोखरना आदि मौजूद रहे।

आज उदयपुर से गोगुन्दा तक निकलेगी नमन यात्रा -

शनिवार 15 जून को शास्त्री सर्कल स्थित श्री तारक गुरु जैन ग्रंथालय से गोगुन्दा सेमटाल स्थित गुरु पुष्कर तीर्थ पावन धाम तक चार पहिया वाहन से नमन यात्रा निकाली जाएगी। नमन यात्रा में करीब 200 चार पहिया वाहनों को नगर निगम के उपमहापौर पारस सिंघवी हरी झण्डी दिखाकर रवाना करेंगे। भण्डारी ने आव्हान किया कि समाज के प्रत्येक घर से एक कार आए एवं उसके परिवार के सदस्यों को बैठाकर नमन यात्रा में सहभागिता निभाएं। युवाओं की समाज में भागीदारी बढ़ाने के लिए इस नमन यात्रा में सम्मिलित होने का आव्हान किया।

-16 जून को होंगे ये आयोजन »

पुष्कर युवा मंच के अध्यक्ष प्रवीण पोरवाल ने बताया कि अंतिम दिन रविवार 16 जून को टाउन हॉल स्थित सुखाडिया रंगमंच पर प्रात» 9 बजे गुरु गुणगान एवं सम्मान समारोह का आयोजन होगा। समारोह के मुख्य अतिथि राजस्थान सरकार में सहकारिता मंत्री गौतम दक होंगे। अध्यक्षता उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन करेंगे, विशिष्ठ अतिथि के रूप में आईएफएस आर के जैन होंगे। झण्डारोण सुरत के उमेश बोल्या करेंगे। संरक्षक भंवर सेठ, निर्मल पोखरना ने बताया कि मुख्य समारोह के पश्चात गौतम महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा।

## गांगोज उद्यापन में उमड़ा विशाल जनसमूह

पदमावत मीडिया





**संवाददाता ईश्वरलाल सुथार**

**सलूंबर ।** जिले के ग्राम पंचायत डगार के गांव बांदरवाड़ा में चार धाम यात्रा पूर्ण कर लोटे राजपूत समाज द्वारा विशाल गंगोज उद्यापन का कार्यक्रम शुक्रवार को धूम धाम से संपन्न हुआ । कार्यक्रम में ढोल की थाप के साथ गाजे बाजे से शोभायात्रा निकाली गई । और मां गंगा की अराधना से पूरी शोभायात्रा भक्तिमय और मनमोहक बन गई । वार्ड पंच रमेश चंद्र कलाल ने बताया की शोभायात्रा में 800 कलश भेंट किए गए और 3500 लोगो ने 4 क्विंटल लड्डू का प्रसाद ग्रहण किया ।

### जिला कलक्टर ने अमलोदा में की रात्रि चौपाल, ग्रामीणों ने खुलकर रखी अपनी बात

# जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने तल्लीनता के साथ सुनी ग्रामीणों की समस्याएं अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश



**पदमावत मीडिया**

**सलूंबर ।** जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने गुरुवार रात को अमलोदा में रात्रि चौपाल की। अमलोदा में खुले आसमान के नीचे ग्रामीणों ने खुलकर अपनी बात रखी। इस दौरान जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने आम जन की समस्याओं को पूरी संवेदनशीलता और अपनत्व के साथ सुना और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से पेयजल, विद्युत, राजस्व, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, शिक्षा सहित अनेक समस्याओं की सुनवाई कर संबंधित जिला स्तरीय अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए ।

शुरुआत में कृषि विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों को फव्वारा पद्धति से सिंचाई, ड्रिप सिस्टम सहित कृषि की नवीन तकनीकों और राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। राजीविका की ओर से महिलाओं को स्वरोजगार के बारे में जागरूक किया गया। चिकित्सा सहित अन्य विभागों के अधिकारियों ने राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। ग्रामीणों से अधिक से अधिक पौधारोपण करने व योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की गई और मनरेगा और पंचायत समिति की योजनाओं के बारे में ग्रामीणों से फीडबैक लिया।

जिला कलेक्टर ने ग्रामीणों से पूछा-आपके गांव में चिकित्सा विभाग का सब सेंटर टाइम पर खुलता है या नहीं! एएनएम मिलती हैं? इस पर सभी ग्रामीणों ने हामी भरते हुए कहा कि हां समय पर खुलता है और एएनएम भी टाइम पर आती हैं। जिला कलेक्टर ने आंगनवाड़ी केंद्र पर बच्चों की संख्या खिलौने हैं या नहीं। आशा सहयोगिनी की ईसीटी किट की ट्रेनिंग आदि के बारे में जानकारी लेते हुए गर्भवती महिलाओं का समय पर वजन लेने, आवश्यक टीके और दवाएं देने और नियमित मॉनीटरिंग करने के निर्देश दिए।

इस दौरान उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाने के लिए सभी अधिकारी व आमजन अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें। उन्होंने कहा कि हम अपने जीवन में प्रकृति को कुछ वापस लौटा सकते हैं तो वह है वृक्षारोपण । रात्री चौपाल के दौरान उन्होंने अधिकारियों एवं आमजन से कहा कि प्रत्येक व्यक्ती अपने आस-पास के लोगों को वृक्षारोपण करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि हमें इस अभियान को एक जन आंदोलन बनाना होगा।

**यह रहे उपस्थित**

आयुक्त गणपत लाल खटीक, एसडीएम पर्वत सिंह चुंडावत, तहसीलदार डॉ मयूर शर्मा, हेमन्त पंडिया एक्सईएन डबल्यूआरडी, परिवहन अधिकारी सुरेन्द्र सिंह गुलिया, सीएमएचओ डॉ जेपी बुनकर, सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग हेमन्त खटीक, डीओआईटी जीवन राम मीणा, गोस मोहमद कृषि विभाग,पशु पालन विभाग डॉ हरिकेश मीणा, पीआरओ पुष्पक मीणा,सहित विभिन्न जिला स्तरीय विभागीय अधिकारी कर्मचारी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# बीजेएस सूखा मुक्त राजस्थान अभियान की उदयपुर में शुरुआत

### देशभर में 6 राज्यों के 125 तालाबों का हो रहा है डिसिल्टिंग एवं गहरीकरण



**पदमावत मीडिया**

**उदयपुर ।** सामाजिक संस्था भारतीय जैन संघटना, उदयपुर द्वारा फोर्स मोटर्स के प्रायोजन में ढीकली ग्राम पंचायत के रकमपुरा तालाब के गहरीकरण का कार्य शुक्रवार को उदयपुर नगर विकास प्राधिकरण के आयुक्त राहुल जैन, जिला परिषद सीईओ कीर्ति राठौड़ व भारतीय जैन संघटना के राष्टीय महामंत्री राजकुमार फत्तावत के आतिथ्य में प्रारम्भ हुआ। इस अवसर राष्टीय महामंत्री फत्तावत ने अपने वक्तव्य में कहां कि दिसम्बर 2022 में उदयपुर में हुए राष्टीय अधिवेशन में भारत सरकार के साथ 100 जिलों में जल क्रांति मिशन के अन्तर्गत जल संवर्धन का एमओयू हुआ था। उसी श्रृंखला में 2023 में पूरे देश में 300 से अधिक तालाबों के गहरीकरण के कार्यों को पूरा किया गया व सत्र 2024 में यह कार्य अनवरत रूप से भारत के 6 राज्यों के 125 तालाबों के डिसिल्टिंग एवं गहरीकरण का कार्य चल रहा है। जिसमें राजस्थान, कनार्टक, छत्तीसगढ, तमिलनाडू, मध्यप्रदेश व गुजरात में प्रमुखता से यह कार्य चल रहा है। फोर्स लिमिटेड के चेयरमैन डॉ. अभय फिरोदिया ने 125 तालाबों के गहरीकरण का कार्य अपने प्रायोजकत्व में करने का निर्णय लिया है। इसी अन्तर्गत राजस्थान के विभिन्न जिलों में यह कार्य 65 स्थानों पर चल रहा है। आज 66 वें तालाब के रूप में ढीकली पंचायत के रकमपुरा तालाब का कार्य प्रारम्भ किया है।

फत्तावत ने ग्रामवासियों से आव्हान किया है कि दिनचर्या में जितना पानी का आप उपयोग करते है उसमें कुछ मात्रा की कमी करने का संकल्प लेकर पानी बचाने की ओर अग्रसर हो। तालाब और जल स्त्रोतों में से अतिरिक्त मिट्टी निकालकर उसकी भराव क्षमता बढ़ाई जाती है तथा उस अतिरिक्त मिट्टी से स्थानीय किसानों के खेतों को उपजाऊ बनाया जाता है। भराव क्षमता बढने से पेयजल और सिंचाई के लिए पानी की उपलब्धता बढ़ती है। जिला परिषद सीईओ कीर्ति राठौड़ ने जैन समाज द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए बीजेएस को निवेदन किया कि बढ़चढ़ कर पानी जैसे पवित्र कार्य का करने के लिए कार्यकर्ता आगे आए। नगर विकास प्राधिकरण आयुक्त राहुल जैन ने बीजेएस द्वारा किए जा रहे इस कार्य की प्रंशसा करते हुए कहां कि मैं तो आप ही के बीच का एक कार्यकर्ता हूं जब आबू रोड में था तो भी इस कार्य का शुभारंभ हुआ और उदयपुर में भी मेरे द्वारा इस कार्य को प्रारम्भ किया है जो मेरे लिए सौभाग्य की बात है। तालाब के गहरीकरण कार्य बीजेएस कर रहा है और मैं प्रयास करूंगा कि इस तालाब को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित हो। शब्दों द्वारा स्वागत बीजेएस उदयपुर के अध्यक्ष यशवंत कोठारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन बीजेएस कार्यकारी अध्यक्ष दीपक सिंघवी द्वारा तथा आभार महामंत्री भूपेंद्र गजावत द्वारा दिया गया। नाकोड़ा नगर विकास समिति से राव गोपाल सिंह ने स्वागत किया। प्रदेश उपाध्यक्ष महेंद्र तलेसरा, प्रदेश महामंत्री श्याम नागोरी, प्रदेश संगठन मंत्री अरुण मेहता, प्रदेश मंत्री अरविंद जारोली, प्रदेश वाटर सह संयोजक तुषार मेहता, उदयपुर जिला वाटर संयोजक कपिल इंटोदिया ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर विजय कोठारी, राजेश भादविया, राकेश पोरवाल, विमल जैन, जय पोरवाल, अनिल हाथी, ईश्वर जैन, जंबू दलावत, जितेंद्र मारू, सौरभ गोलछा, आयुष वक्तावत, मनन कोठारी, मितांश सुराणा, यश चंडालिया आदि उपस्थित थे।

# रोटरी क्लब ऑफ उदयपुर मीरा के वर्ष 2024-25 की कार्यकारिणी का गठन




**पदमावत मीडिया**

**उदयपुर ।** अन्तर्राष्टीय संस्था रोटरी क्लब ऑफ उदयपुर के वर्ष 2024-25 की कार्यकारिणी का गठन किया गया। क्लब एडवाइजर पुष्पा कोठारी ने बताया कि वर्ष 2024-25 के लिए प्रीति सोगानी अध्यक्ष, ब्रजराज राठौड वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कविता श्रीवास्तव उपाध्यक्ष, नीमल दूबे सचिव, कुसुम मेहता कोषाध्यक्ष, उर्मिला जैन संयुक्त सचिव, स्नेहा शर्मा अतिरिक्त सचिव, रेखा सोनी, संगीता मूंदड़ा, मधु सरीन, प्रियंका कोठारी, विजयलक्ष्मी गलूंडिया, राजकुमारी गांधी, मीरा मजमूदार, सोनू जैन, डॉ. श्रद्धा गट्टानी, डॉ. स्वीटी छाबड़ा, आस्था मुर्डिया, रंजना चौधरी, सीमा गुप्ता, ज्योत्सना जैन, ऋचा रूपल व्यास, डॉ. विमला धाकड़, ज्याति कुमावत, देविका सिंघवी, मोनिता बक्षी, कुकु लखारी, गुनीत मोंगा, जस्मीत कौर, डॉ. बलदीप शर्मा, सुरभि जैन, मंजू सिंघवी, कविता बल्दवा, डॉ. हर्षा कुमावत, मंजूलता गेलड़ा, शीतल मलिक को वर्ष 2024-25 के लिए कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष प्रीति सोगानी ने कहां कि नए कार्यकारिणी का नाम टीम मैजिक रखा गया है। जो दूरदर्शिता, पारदर्शिता, विश्वसनीयता के साथ शहर में सेवा कार्य करेगा। साथ ही सदस्याओं ने एक सूर में कहां कि रोटरी मीरा के टीम मैजिक का नाम नई ऊंचाईयों तक पहुंचाने का लक्ष्य रहेगा। सभी एक साथ मिलकर उदयपुर के लिए सेवा कार्यों में नया अध्याय लिखेंगे।

## रक्त सेवादल संस्थान की बैठक आयोजित हुई

**सायला।** उपखंड मुख्यालय पर विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य मे रक्त सेवादल संस्थान की बैठक रक्त सेवादल संस्थान कार्यालय न्यु बस स्टेण्ड मे आयोजित हुई। बैठक मे रक्तदान को लेकर अधिक से अधिक लोगो मे जागरूकता लाने के लिए लोगो से ज्यादा से ज्यादा संपर्क कर रक्तदान के प्रति जागरूक कर रक्तदान करने की बात कही। वही गर्मी को देखते हुए संस्थान द्वारा प्रत्येक बडे चयनित मंदिरो मे वृक्षारोपण कर मंदिर कमेटी को पानी पीलाने के लिए अवगत करवाया जाएगा। वही 26 जून को तहसील कार्यालय परिसर मे रक्त सेवादल संस्थान के नेतृत्व मे राजस्व विभाग,पटवार संघ व भारत विकास परिरषद के सहायोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा जिसमे अधिक से अधिक लोग पहुचकर रक्दान करे। इसदौरान पटवार संघ के जिलाध्यक्ष महेन्द्रसिंह चंपावत, रक्त सेवादल से विक्रम त्रिवेदी, हर्ष त्रिवेदी , नवनीत दवे ,किशन सिंह बावतरा ;दुर्गेश घांची भारतविकास परिषद से नारायलण लाल विश्वकर्मा भीनमाल से रक्तवीर अश्विन सोनी सहित उपस्थित थे।

# खून दो और दुनिया को धड़कने दो' थीम पर स्वेच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन

**पदमावत मीडिया**

**राजसमन्द ।** कॅरियर संस्थान राजसमन्द द्वारा गुरुवार विश्व रक्तदान दिवस पर ''खून दो और दुनिया को धड़कने दो'' थीम पर स्वेच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। संस्थान की अपील पर कई रक्तवीर आर के हॉस्पिटल के ब्लड बेंक में पहुंचे और सभी ने रक्तदान किया। आयोजन प्रभारी र|श कुमावत ने बताया की आपात स्थितियों, बीमारी, दुर्घटना सहित प्रसव मामलों में जीवन रक्षा के लिए रक्त अति आवश्यक होती है। कई बार आकस्मिक परिस्थितियों में लोगों को सरलता से रक्त उपलब्ध नहीं हो पाता है। रक्तदान महादान के महत्व को जन-जन समझें। रक्त देने में किसी प्रकार का कोई नुकसान नहीं होता। रक्तदान महादान है और रक्तदाता समाज और मानवता के अनमोल सेवक हैं। ब्लड बैंक प्रभारी मुकेश कुमावत व संस्थान सचिव निलेश पालीवाल द्वारा सभी रक्तदाताओं को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर ब्लड बैंक प्रभारी मुकेश कुमावत ने बताया की कोई भी स्वस्थ व्यक्ति तीन महीने के अंतराल पर रक्तदान कर सकता है। कई लोग स्वस्थ होते हुए भी रक्तदान करने से डरते हैं, क्योंकि उनके मन में इससे जुड़ीं कई भ्रांतियां होती हैं।विश्व रक्तदाता दिवस को एक विशेष थीम के साथ मनाया जाता है, जो उन निस्वार्थ नागरिकों को समर्पित है जो अज्ञात लोगों के लिए अपनी स्वेच्छा से रक्तदान करते हैं। इस अवसर पर रक्तवीर हितेश पालीवाल, र|श कुमावत, राहुल पालीवाल, मनीष कुमावत, द्वारकेश पालीवाल, मिहिर सनाढ्य, अर्जुन पालीवाल, हितेश कुमावत, नीलेश पालीवाल, जयेश कुमावत, किशन गुर्जर, ब्लड बैंक प्रभारी युगल किशोर पालीवाल, मुकेश कुमावत, रक्तवीर आशीष पालीवाल, छोगालाल कुमावत, कार्तिक बापडोत, मेघानश सनाढ्य सहित कई युवा उपस्थित थे।

रक्तदान क्यों महत्वपूर्ण है?

ब्लड जिंदगी के लिए जरूरी है। हम इसके बिना जी नहीं सकते। बॉडी में कोशिकाओं तक आवश्यक पोषक तत्व और ऑक्सीजन पहुंचाने के लिए रक्त पूरे शरीर में घूमता है। जब कोई व्यक्ति सर्जरी से गुजरता है या उसे दर्दनाक चोटें आती हैं,जैसे कि कार दुर्घटना से तो ऐसे में आपका रक्तदान किसी की जान को बचा सकता है।




# योग दिवस हेतु भाजपा के मंडल स्तरीय संयोजकों की नियुक्ति

**पदमावत मीडिया**

**भीनमाल ।** अंतर्राष्टीय योग दिवस कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु जालोर-सांचोर भाजपा पूर्ण सक्रियता से कार्य कर रही हैं । जिसके अंतर्गत जालोर-सांचोर भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली ने जिला, विधानसभा एवं मंडल स्तरीय संयोजकों की नियुक्तियों को अंजाम देकर उन्हें जिम्मेदारी सौपी हैं।

भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली ने बताया कि योग दिवस के उपलक्ष में जालोर-सांचोर जिले के प्रत्येक मंडल स्तर पर योग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा । जिसमें स्थानिय नागरिक मौजूद रहेगा। भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली ने योग दिवस के उपलक्ष में कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु जालोर जिले के जिला संयोजक रमेश सोनी पुनासा, सह संयोजक भूरसिंह देवकी एवं रमेश आंजणा को नियुक्त किया। विधानसभा स्तरीय संयोजक हेतु आहोर विधानसभा से संयोजक लाखाराम देवासी, सह-संयोजक मुकेश राजपुरोहित, जालोर विधानसभा संयोजक महेन्द्र मुणौत, सह-संयोजक डिम्पलसिंह चौहान, भीनमाल विधानसभा हेतु संयोजक पांचाराम प्रजापत, सह-संयोजक इन्द्रसिंह राणावत, रानीवाडा विधानसभा संयोजक प्रकाश सेन आजोदर, सह-संयोजक रमेश मेघवाल एवं सांचोर विधानसभा संयोजक जोगाराम पुरोहित, सह-संयोजक भावेश सोनी को नियुक्त किया।

मंडल अनुसार संयोजक हेतु आहोर मंडल संयोजक किशोरसिंह, बागरा मंडल संयोजक जोगसिंह राजपुरोहित, भाद्राजून मंडल संयोजक दिनेशसिंह राठौड़, चांदराई मंडल संयोजक रामसिंह पांचोटा, गोदन मंडल संयोजक गोरधनसिंह राजपुरोहित, गुडा बालोतान मंडल संयोजक हरिशंकर रावल, जालोर नगर मंडल संयोजक दिनेश महावर, जालोर ग्रामीण मंडल संयोजक स्वरूप सिंह रेवत, उम्मेदाबाद मंडल संयोजक उत्तम चन्द गर्ग, सायला मंडल संयोजक मांगीलाल पुरोहित, जीवाणा मंडल संयोजक राजेन्द्रसिंह, पोषाणा मंडल संयोजक रघुनाथसिंह, भीनमाल नगर मंडल संयोजक प्रवीण कुमार दवे, भीनमाल ग्रामीण मंडल संयोजक मंगलाराम राजपुरोहित, बागौड़ा मंडल संयोजक थानाराम चौधरी, जुंजाणी मंडल संयोजक मानाराम पालडीया, नरसाणा मंडल संयोजक परबतसिंह भाडू, रामसीन मंडल संयोजक मगारमा चोधरी, रानीवाडा मंडल संयोजक गोविन्द रावल, जसवंतपुरा मंडल संयोजक भगवानसिंह चेकला, करड़ा मंडल संयोजक हेमाराम जांगु, सांकड़ मंडल संयोजक जयपालसिंह चारण, बड़गांव मंडल संयोजक गणपत थावरेसा, सांचौर नगर मंडल संयोजक मांगीलाल दर्जी, सांचौर ग्रामीण मंडल संयोजक गंगदाराम चौधरी, अरणाय मंडल संयोजक बाबूसिंह खेड़ा, झाब मंडल संयोजक नरिंगाराम चौधरी, जोधवास, चितलवाना मंडल संयोजक भवानीसिंह रावणा राजपूत, केसुरी मंडल संयोजक तगाराम पुरोहित, टांपी-डूंगरी मंडल संयोजक नरसीराम सुथार, सत्यपुर मंडल संयोजक ईश्वरलाल मोदी को नियुक्त किया गया।

# विश्व रेडक्रॉस दिवस पर जिला रेड क्रॉस ने कॉलेज में किया रक्तदान मोटिवेशन कार्यक्रम

### 35 व्यक्ति यों ने किया आपात कालीन जरूरत पर रक्त दान

**पदमावत मीडिया**

**राजसमंद ।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा ने विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर श्रीनाथ इंस्टीट्यूट आफ नर्सिंग जीएनएम नर्सिंग कॉलेज धोइंदा में रक्तदान विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया मानद सचिव बृजलाल कुमावत ने बताया कि नर्सिंग कॉलेज की छात्र-छात्राओं को रेडक्रॉस अध्यक्ष कुलदीप शर्मा ने रेड क्रॉस की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी मानद सचिव बृजलाल कुमावत ने रक्तदाता एवं रक्तदान विषय पर विस्तृत जानकारी दी वाइस प्रेसिडेंट प्रकाश कोठारी ने संस्था द्वारा किए गए सेवा कार्यों के बारे में बताएं मुख्य अतिथि तनुज जोशी अध्यक्ष श्री लाइफ फाउंडेशन ने विद्यार्थियों को मोबाइल एडिक्शन के बारे में एवं मोबाइल से होने वाले दुष्प्रभाव एवं उसके उपयोगिता का जीवन में महत्व पर जानकारी दी । कार्यक्रम में चेयर मैन कुलदीप शर्मा मानद सचिव बृजलाल कुमावत, वाइस चेयरमैन प्रकाश कोठारी, सी पी व्यास, तनुज जोशी प्राचार्य प्रदीप कुमार भंडारी, सेवाराम सैनी सुनील चव्हाण अजीता पी पूजा नैयर, दिलिप रेगर भानु कुमावत रणवीर सिंह भाटी, नारायण सिंह राठौड़,कॉलेज विद्यार्थी आदि उपस्थित रहे। प्रवक्ता सुरेश भाट ने बताया कि विश्व रक्तदान दिवस पर रणवीर सिंह भाटी ने 31वी बार रक्तदान किया वहीं पिता 68 बार रक्तदान कर चुके हे, साई विहार के कपील पालीवाल ने प्रथम बार, नारायण सिंह राठौड़ ने अति दुर्लभ रक्त समूह का इसी तरह 35 युवाओं ने आपात कालीन जरूरत पर आर. के. ब्लड बैंक में रक्तदान किया ।

## जिला परिषद सभागार में जिला शांति समिति की बैठक आयोजित

**उदयपुर ।** त्योहार मेवाड़ की शान है, एक दूसरे के सहयोग से शांतिपूर्ण ढंग से त्योहारों को मनाएं, यह बात जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल ने शुक्रवार को जिला परिषद सभागार में जिला कलेक्टर अरविंद पोसवाल के निर्देशन में आगामी त्योहारों के मद्देनजर आयोजित जिला शांति समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए समिति के सदस्यों को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि प्रशासन की ओर से हर आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए जाएंगे, प्राप्त सुझावों को ध्यान में रखते हुए माकूल व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएगी। आयोजनों से जुड़े लोग व्यवस्थाएं बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि शांति समिति के सदस्य आम जन और पुलिस के बीच में सेतु की तरह कार्य करते हैं ऐसे में शांति समिति के सदस्यों की जिले में शांति बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि त्योहारों के मद्देनजर सोशल मीडिया पर विशेष सावधान रहने की जरूरत है, कोई भी मैसेज सोशल मीडिया पर प्राप्त होता है तो बिना सत्यापन उसे फॉरवर्ड/शेयर आदि न करें। माहौल खराब करने वाली किसी भी गतिविधि के बारे में तत्काल पुलिस-प्रशासन को सूचित करें।

# बड़ी झील महासीर कन्जर्वेशन रिजर्व की मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक संपन्न

**पदमावत मीडिया**

**उदयपुर ।** जिला कलक्टर अरविंद पोसवाल ने कहा है कि बड़ी झील में पाई जाने वाली महासीर मछली विश्वभर में अनूठी है। बड़ी झील महासीर कन्जर्वेशन रिजर्व विश्व में महासीर के लिए समर्पित दूसरा एवं भारत का एकमात्र संरक्षित क्षेत्र है। इससे पहले पाकिस्तान में पूंछ रिवर नेशनल महासीर पार्क घोषित किया गया है। ऐसे में इस महासीर मछली का संरक्षण करना हमारा दायित्व है और इसे हम पूरी प्रतिबद्धता के साथ पूरा करेंगे।

जिला कलक्टर पोसवाल शुक्रवार को अरण्य भवन, उदयपुर में महासीर कन्जर्वेशन रिजर्व, बड़ी की मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

इस मौके कलक्टर ने कहा कि राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा महासीर संरक्षण के निर्देश जारी करने के साथ ही राज्य सरकार द्वारा बड़ी झील के आसपास के क्षेत्र को महासीर मछली के संरक्षण के लिए कन्जर्वेशन रिजर्व घोषित करने से इस प्रजाति की मछलियों का संरक्षण हो पाएगा, जो कि हमारे लिए गौरव का भी विषय है। उन्होंने माननीय न्यायालय के आदेश की सख्ती से अनुपालना करने के लिए भी सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए। बैठक दौरान बड़ी झील और आसपास के क्षेत्र को महासीर संरक्षण विषय पर विकसित करने तथा इस संबंध में आईईसी तैयार करने के भी निर्देश दिए।

**बड़ी में मत्स्याखेट पर होगी पाबंदी - कलक्टर**

इस मौके पर कलक्टर पोसवाल ने कहा कि बड़ी में महासीर के संरक्षण के उद्देश्य से मस्त्स्याखेट पर पाबंदी रहेगी और मत्स्यपालन का कोई टेंडर नहीं होगा। उन्होंने कहा कि इस प्रतिबंध की सख्ती से अनुपालना करवाई जाए, इसके लिए वन विभाग द्वारा नाइट पेट्रोलिंग की व्यवस्था की जावें और मत्स्याखेट करने वालों पर सख्त कार्यवाही की जावें।

**कार्य योजना अनुसार कार्यवाही की जावें - सीसीएफ**

बैठक दौरान मुख्य वन संरक्षक एसआर वेंकटेश्वर मूर्थी ने कहा कि हाईकोर्ट के आदेश की अक्षरशः अनुपालना की जाएगी और कार्य योजना तैयार कर महासीर का संरक्षण किया जाएगा। उन्होंने महासीर मछली के अपस्ट्रीम प्रवाह क्षेत्र, खाद्य श्रृंखला, प्रजनन, झील में होने वाले प्रदूषण, हैबीटाट संरक्षण आदि बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की और उप वन संरक्षक वन्यजीव उदयपुर को इसके संरक्षण की कार्य योजना अनुरूप कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने कार्य योजना में मुख्य रूप से बड़ी झील में प्रदूषण फैलाने वाली गतिविधियों की रोकथाम, महासीर मछली के प्रवाह क्षेत्र में आने वाले अवरोधां का निपटान, झील मे पर्यटन गतिविधियों के विनियमन को सम्मिलित करने और समस्त कार्यों में संबंधित विभागों का सहयोग लेने की बात कही।

**डीएनए की जांच में भी शुद्ध साबित हुई महासीर - भटनागर**

बैठक दौरान रिटायर्ड सीसीएफ राहुल भटनागर ने कहा कि पूर्व में बड़ी तालाब स्थित महासीर के डीएनए की भी पुणे से जांच करवाई गई जिसमें पाया गया कि यह महासीर की शुद्ध प्रजाति है और यह गंगा में मिलने वाली महासीर जैसी ही है। इस दौरान उन्होंने महासीर के संरक्षण की दृष्टि से मत्स्याखेट पर पाबंदी को सही बताया।

**प्रजनन के लिए भी हो रहे प्रयास चित्तौड़ा**

उप वन संरक्षक (वन्य जीव) अजय चित्तौड़ा ने बैठक में महासीर संरक्षण विषय पर की जा रही कार्यवाही पर जानकारी दी और कहा कि विभाग द्वारा महासीर के प्रजनन के लिए भी प्रयास किए गए है और वर्तमान में इसके लिए तैयार विशेष टेंक में मौजूद महासीर को जिले की अन्य झीलों में छोड़ा जाएगा।

**इन्होंने दिए महत्वपूर्ण सुझाव -**

बैठक दौरान पर्यावरणप्रेमियों और झील संरक्षण से जुड़े सदस्यों डॉ. तेज राजदान, अनिल मेहता, शैलेन्द्र तिवारी, मत्स्य विशेषज्ञ इस्माइल अली दुर्गा, डॉ. अतुल जैन, बड़ी सरपंच मदन पंडित आदि ने भी महासीर संरक्षण व प्रजनन विषय पर महत्वपूर्ण सुझाव दिए। बैठक में अवगत कराया गया कि राज्य सरकार द्वारा दिनांक 7 अक्टूबर 2023 को बड़ी झील के इर्द-गिर्द के 206.350 हैक्टेयर क्षेत्र को महासीर कन्जर्वेशन रिजर्व के रूप में घोषित किया गया है। इस संबंध में राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा भी महासीर के संरक्षण हेतु 2017 में आदेश जारी किए थे। इस मौके पर वन विभाग के गणेश गोठवाल, सीसारमा सरपंच सहित विभिन्न विभागीय प्रतिनिधि मौजूद थे।

**स्वच्छता की प्रतीक है महासीर**

महासीर को 'टाईगर फीश' के नाम से भी जाना जाता है। यह एक शिकारी मछली है जो जलाशय की शुद्धता का प्रतीक है। यह केवल उन्ही जल क्षेत्र में पाई जाती है, जो प्रदूषण रहीत एवं शुद्ध हो। जिस प्रकार टाईगर की उपस्थिति अच्छे जंगल की गुणवत्ता का सूचक है, उसी प्रकार महासीर की उपस्थिति जलाशय की स्वच्छता का प्रतीक है। विशेषज्ञों के अनुसार यह प्रजाति आईयूसीएन की रेड डाटा बुक में शामिल हो चुकी है एवं विलुप्ति के कगार पर है। उदयपुर जिले में महासीर मछली मुख्यतया बड़ी झील में ही उपलब्ध है। पूर्व में यह मछली यहां की अधिकांश झीलों में पाई जाती थी।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादक - पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यलय - गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुंबई, महाराष्ट्र से अमुद्रित ऑनलाइन प्रकाशित | मो. 9594542679, e-mail: padmavatmedia@gmail.com web. padmavatmedia.in. नोट» (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई (महाराष्ट्र) होगा | उत्तक ई-पेपर को अवैध रुप से छपवाना कानूनन अपराध है।